संख्या-23/2017/412/71-2-17-164/2014

प्रेषक,

डा0 अनिता भटनागर जैन,
अपर मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,
उ0प्र0 लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-2 लखनऊः दिनांक 21 मार्च, 2017

विषयः- वित्तीय वर्ष 2016-17 में अनुदान संख्या-31 के अंतर्गत हीमोफीलिया से ग्रसित मरीजों के उपचार हेतु धनराशि स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशक, एस0जी0पी0जी0आई0 लखनऊ के पत्र संख्या-पी0जी0आई0/एम0एस0/टी0एम0/39/3810/14-15/1696, दिनांक 09-2-2017 के संदर्भ में तथा शासनादेश संख्या-69/2016/2199/71-2-16-164/2014 दिनांक 24 मई, 2016 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि एस0जी0पी0जी0आई0 लखनऊ में हीमोफीलिया से ग्रसित मरीजों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलबध कराने हेतु प्राविधानित धनराशि रू0 10.00 करोड के सापेक्ष अवशेष धनराशि रू0 5,00,00,000/- (रूपया पांच करोड़ मात्र) को निम्नलिखित शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन अवमुक्त किए जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैः-

1) स्वीकृत की जा रही धनराशि को पी0एल0ए0/बैंक/डाकघर आदि में किसी भी दशा में नहीं रखा जायेगा। अवमुक्त धनराशि का आहरण आवश्यकतानुसार करते हुए व्यय नियमानुसार किया जायेगा।
2) संस्थान का यह दायित्व होगा कि रोगी के उपचार का समस्त व्यय वहन करने तथा उसकी प्रतिपूर्ति/समायोजन शासन द्वारा आवंटित बजट की सीमा तक ही करेंगे एवं किसी एक वित्तीय वर्ष की लम्बित धनराशि को अगले वित्तीय वर्ष में अग्रेनीत नहीं की जायेगी।
3) स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय उसी मद में किया जायेगा, जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है, किसी अन्य मद में धनराशि का व्यय अथवा व्ययावर्तन वित्तीय अनियमितता होगी।
4) स्वीकृत की जा रही धनराशि का उपयोग केन्द्रीयकृत पद्धति के आधार पर संस्थान द्वारा किया जायेगा एवं अन्य संस्थाओं को आवश्यकतानुसार सामग्री/औषधि एवं रसायन का वितरण किया जायेगा।
5) संस्थान द्वारा निर्गत धनराशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र तथा लाभार्थियों की सूची यथासमय शासन को उपलब्ध करायी जायेगी।
6) वित्त विभाग के कार्यालय-ज्ञाप दिनांक 22-3-2016 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन किया जायेगा।

2- धनराशि को कोषागार से वित्त अधिकारी, एस0जी0पी0जी0आई0, लखनऊ द्वारा आहरित किया जायेगा तथा बिलों पर महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ के प्रतिहस्ताक्षर प्राप्त किये जायेंगे।

3- इस संबंध में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2016-17 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-31-चिकित्सा विभाग (चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण) के लेखाशीर्षक ''2210-चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य-आयोजनागत-05-चिकित्सा, शिक्षा, प्रशिक्षण तथा अनुसंधान-105-एलोपैथी-03-शिक्षा-19-हीमोफीलिया रोग की निःशुल्क चिकित्सा सुविधा-39-औषधि तथा रसायन'' के नामे डाला जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

4- यह आदेश वित्त विभाग के शासनादेश संख्या-1/2016/बी-1-746/दस-2016-231/2016, दिनांक 22 मार्च, 2016 द्वारा प्रशासकीय विभाग को प्रतिनिहित किये गये अधिकारों के अधीन निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीया,

(डा0 अनिता भटनागर जैन)
अपर मुख्य सचिव।

संख्या-23/2017/412(1)/71-2-17-तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1) महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय,उ0प्र0, इलाहाबाद ।
2) प्रमुख सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ0प्र0।
3) महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ0प्र0।
4) कोषाधिकारी, लखनऊ।
5) निदेशक/वित्त अधिकारी, एस0जी0पी0जी0आई0, लखनऊ।
6) डा0 ए0के0 त्रिपाठी, आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, क्लीनिकल हिमैटोलाजी विभाग, के0जी0एम0यू0 लखनऊ।
7) डा0 अनुपम वर्मा, ट्रान्सफ्यूजन मेडिसिन विभाग, एस0जी0पी0जी0आई0 लखनऊ।
8) संयुक्त निदेशक, एन0ए0सी0ओ0 (यू0पी0एस0ए0सी0एस0) लखनऊ।
9) वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-3/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-2/नियोजन अनुभाग-4
10) स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
11) प्रभारी अधिकारी, एन0आई0सी0, छठा तल, योजना भवन।
12) गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(संजय कुमार उपाध्याय)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।